# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/558/2025 दिनांक : 08/12/2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

**विषयः विश्वविद्यालय/जिला स्तर पर रोवर्स–रेंजर्स (R&R) इकाइयों के संकाय सदस्यों हेतु आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने विषयक।**

संदर्भः प्राचार्य, सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा का पत्र दिनांक 25.11.2025।

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषयक एवं संदर्भित पत्र का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि विश्वविद्यालय के रोवर्स–रेंजर्स संगठन को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालयों में कार्यरत रोवर्स–रेंजर्स इकाइयों के संकाय प्रभारियों (Faculty Members/Unit Leaders) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम फरवरी 2026 में आयोजित होना निर्धारित है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में कार्यरत रोवर्स–रेंजर्स इकाई के प्रभारी संकाय सदस्यों के नाम (जो बेसिक/एडवांस्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक/संभावित हैं) की सूची तत्काल प्रो0 एस0पी0 सिंह, प्राचार्य, सेण्ट जोन्स कालेज, आगरा (मुख्य आयुक्त, रोवर्स एंड रेंजर्स) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियाँ शीघ्र ही सूचित की जाएंगी।

**भवदीय,**

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. प्रभारी कुलपति–सचिवालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्रो0 एस0पी0 सिंह, प्राचार्य, सेण्ट जोन्स कालेज, आगरा (मुख्य आयुक्त, रोवर्स एंड रेंजर्स,)
3. प्रभारी, वेबसाइट प्रकोष्ठ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
4. ऐजेन्सी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सूचना को समस्त महाविद्यालयों की लॉगिन में अपलोड़ करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल।

**कुलसचिव**

Affisvlett